Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to make a regulatory commission to check online trading companies and to protect local retail traders.

श्री हाजी फजलुर रहमान (सहारनपुर): सर, धन्यवाद । मैं फुटकर व्यापार की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । जब से विदेशी कंपनियां खासतौर से फ्लिपकार्ट और अमेजन आदि ऑनलाइन ट्रेडिंग कर रही हैं, इसके गंभीर प्रभाव देश के फुटकर व्यापार पर दिखाई दे रहे हैं । मान्यवर, फुटकर व्यापार में लगभग भारतीय व्यापारी, जो कि पांच करोड़ के लगभग हैं, उनको इस व्यापार से रोजी-रोटी मिलती है । ऑनलाइन ट्रेडिंग से इनका भविष्य अंधकार की ओर जाता हुआ दिखाई दे रहा है ।

मान्यवर, विदेशी कंपनियां अमेजन और फ्लिपकार्ट आदि मजबूत होने की वजह से फायदा उठाने की कोशिश करती हैं और इसके साथ-साथ एफडीआई के नियमों का उल्लघंन भी करती हैं । इसी कारण फुटकर व्यापार अधंकार और तबाही की तरफ जा रहा है । इसमें खास बात यह भी है कि इसमें राजस्व की हेराफेरी की चिंता का भी विषय है । मैं मान्यवर आपसे निवेदन करता हूं कि जैसे भारतीय सरकार द्वारा दवाइयों पर ऑनलाइन ट्रेडिंग पर रोक लगाई गई है, उसी प्रकार से ऑनलाइन ट्रेडिंग व्यापार के लिए नियामक आयोग बनाया जाए और इसके साथ-साथ एफडीआई के नियमों का भी सख्ती से पालन कराया जाए, ताकि ऑनलाइन ट्रेडिंग पर जो राजस्व की हेराफेरी का खर्चा जाहिर होता है, उसको रोका जा सके । मैं आपसे निवेदन करता हूं कि भारतीय फुटकर व्यापार को सुरक्षा प्रदान की जाए । धन्यवाद ।

جناب حاجی فضل الرحمٰن صاحب (سہارنپور): جناب، آپ کا بہت بہت شکریہ کہ آپ نے مجھے زیرو آور میں بولنے کا موقع دیا۔ میں فوٹکر تجارت کی طرف آپ کا دھیان دلانا چاہتا ہوں۔ جب سے غیر ملکی کمپنیاں خاص طور سے فِلپکارٹ اور آمیزن وغیرہ آن لائن

ٹریڈنگ کر رہی ہیں اس کے سنگین اثرات ملک کے فوٹکر تجارت پر دکھائی دے رہے ہیں۔

جناب، فوٹکر تجارت میں لگ بھگ ہندوستانی تجارت کار جو کہ تقریباً کروڑ کے آس پاس ہیں، ان کو اس تجارت سے روزی روٹی ملتی ہے۔ آن لائن ٹریڈنگ سے ان کا مستقبل اندھیرے کی طرف جاتا دکھائی دے رہا ہے۔

جناب، غیر ملکی کمپنیاں آمیزن، اور فلِپکارٹ وغیرہ مضبوط ہونے کی وجہ سے فائدہ اُٹھانے کی کوشش کرتی ہیں، اور اس کے ساتھ ساتھ ایف۔ڈی۔آئی۔ کے نِیموں کی خلاف ورزی کرتی ہیں۔ اسی وجہ سے فوٹکر تجارت اندھیرے اور تباہی کی طرف جا رہا ہے۔ اس میں خاص بات یہ بھی ہے کہ اس میں ریونیوں کی ہیرا۔پھیری بھی تشویش کا باعث بنی ہوئی ہے۔ میں جناب، آپ سے گزارش کرتاہوں کہ جیسے ہماری ہندوستانی سرکار کے ذریعہ دوائیوں پر آن لائن ٹریڈنگ پر روک لگائی گئی ہے، اُسی طرح سے آن لائن ٹریڈنگ تجارت کے لئے ریگولیٹری کمیشن بنایا جائے اور اس کے ساتھ ساتھ ایف۔ڈی۔آئی۔ کے نِیموں کا بھی سختی سے پالن کرایا جائے، تاکہ آن لائن ٹریڈنگ پر جو ریونیوکی ہیرا۔پھیری کا جو خدشہ ظاہر ہوتا ہے اس کو روکا جا سکے۔ میں آپ سے گزارش کرتا ہوں کہ ہندوستانی فوٹکر تجارت کو تحفظ فراہم کیا جائے، شکریہ۔۔۔